हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, जनवरी 6, 2024

8 नप कर्मियों की कार्यप्रणाली पर फिर लगाया प्रश्नचिह्न



10 तीसरे दिन भी मांगों को लेकर पटवारी बैठे धरने पर







## खबर संक्षेप



**बवानीखेड़ा।** कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा, सुंदर अत्री, कमलजीत, सुरेश कुमार, कुसुम, माया द्वारा स्वच्छता रैली को हरि झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

### स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**बवानीखेड़ा।** गंदी को ना कहे, स्वच्छता को हां कहे, सभी रोगों की एक दवाईए घर में रखो साफ सफाई, कदम से कदम मिलाना है,भारत को स्वच्छ बनाना है आदि स्लोगनों के माध्यम से छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए कार्यकारी खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार शर्मा ने कही। उन्होंने सुंदर अत्री, कमलजीत, सुरेश कुमार, कुसुम,माया संग बवानी खेड़ा के वीर शहीद गुलाब सिंह पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं की स्वचछता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



**चरखी दादरी।** प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नविता।

### टेलेंट सर्च इग्जाम में एचडी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**चरखी दादरी।** एचडी पब्लिक स्कूल बिरोहड़ के छात्रों ने हरियाणा प्रतिभा खोज परीक्षा में राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। परीक्षा में अपने बेहतरीन प्रदर्शन से राज्य में तथा जिले में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किए। स्कूल निदेशक बलराज फौगाट ने बताया कि एचटीएसई की परीक्षा का आयोजन पूरे राज्य में हुआ था, जिसमें विद्यालय की नविता सेहलंगा ने प्रांत स्तर पर परीक्षा उत्तीर्ण कर प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। नविता बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं। जिलास्तर पर भविष्य पुत्र अजय व पूर्वी पुत्री भगवान सिंह ने प्रथम स्थान, नेहा, नीरव , दिव्या डागर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर और सशक्त होने की जरूरतः धर्मबीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली और विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना देखा है,उसे साकार करने के लिए हर व्यक्ति को आत्मनिर्भर और सशक्त होने की जरूरत है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रधानमंत्री मोदी के संदेश के साथ समाज के प्रत्येक वंचित व पात्र व्यक्ति को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाते हुए वर्ष 2047 तक भारत को समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाना है। सांसद शुक्रवार को गांव सिढान में विकसित भारत संकल्प यात्रा में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित कर रहे थे। सांसद ने उपस्थित लोगों को विकसित भारत के संकल्प की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सांसद ने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का अवलोकन भी किया। शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा गांव भेरा व सिढान पहुंची थी। यात्रा में जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक व पूर्व विधायक शशिरंजन परमार भी पहुंचे थे। इस दौरान सांसद ने पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री जीवन सुरक्षा योजना सहित शिविर में सम्मिलित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सांसद धर्मबीर सिंह ने कहा कि किसान, युवा, महिला व बुजुगोंर् सहित सभी के सहयोग से कदम दर कदम मिलाकर हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेंगे। इसके लिए युवाओं की भागीदारी अहम



**तोशाम।** आयोजित स्टॉल पर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी लेते हुए।

रहेगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा का उपयोग करते हुए समाज के प्रत्येक पात्र व वंचित व्यक्ति को योजना का लाभ दिलाते हुए मुख्यधारा में शामिल करना है। कार्यक्रम के दौरान सांसद धर्मबीर सिंह ने यहां पर लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए कहा कि जरूरतमंद लोगों को लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। कार्यक्त्रम के दौरान कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। विभाग के अधिकारियों ने नागरिकों को बताया कि वे ड्रोन के माध्यम से अपने खेत में कम समय और कम लागत से उर्वरक व दवाईयों का छिडक़ाव कर सकते हैं। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने गांव भेरा में विभिन्न विकास कायोंर् के लिए 40 लाख की राशि दिए जाने की घोषणा की। चेयरपर्सन ने गांव सिढान में मार्केटिंग बोर्ड से 40 लाख रुपये की सड़कए दस लाख की राशि से स्टेडियम का कमरा व 5 लाख की राशि से बस क्यू सेंटर के लिए देने की घोषणा की। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत देश बहुत तेज गति से विकसित होने की दिशा में अग्रसर है। देश को पूर्ण रूप से विकसित बनाने में विशेषकर युवा पीढ़ी का योगदान जरूरी है। युवा पीढ़ी आत्मनिर्भर बन कर देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान दें। जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई राष्ट्रव्यापी ष्विकसित भारत.संकल्प यात्राष के माध्यम से आत्मनिर्भर व विकसित भारत व अंत्योदय का सपना साकार होता नजर आ रहा है। यह कार्यक्रम जरूरतमंद व विभिन्न योजनाओं के पात्र लोगों के लिए मददगार साबित हो रहा है। इस मौके पर धर्मबीर नेहरा, क्रेशर एसोसिएशन प्रधान कृष्ण मलिक, टोनी बराला,पंचायत समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि सोनू पंघाल सहित विभिन्न गणमान्य नागरिक, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### नंदी के शव को लेकर नप कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठे गोरक्षक

# नप कर्मियों की कार्यप्रणाली पर फिर लगाया प्रश्नचिह्न

- गौरक्षकों ने ठेकेदार पर नंदी के उपचार के लिए गाड़ी ना भेजने का लगाया आरोप, बीमार नंदी ने तोड़ा दम
- नप ठेकेदार के झूठ व ड्यूटी में कोताही के चलते बेजुबान नंदी बना काल का ग्रास रू संजय परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

घायल जानवरों के ईलाज का दम भरने वाले नगर परिषद की उदासीनता एक बार फिर देखने को मिली, जहां नगर परिषद ठेकेदार द्वारा अपनी ड्यूटी में कोताही बरतने पर एक नंदी को अपनी जान गंवानी पड़ी। जिसके विरोध में शुक्रवार को गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार के नेतृत्व में गौरक्षक एक बार फिर से सड़कों पर उतरे तथा नंदी के शव को लेकर नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरना देकर जमकर नारेबाजी की। गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर सिटी थाना एसएचओ के नाम शिकायत भी लिखी। बता दे कि नगर परिषद द्वारा पिछले दिनों जारी किए गए हैल्पलाईन नंबर में भी इसी ठेकेदार का नंबर दिया गया



**भिवानी।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे गौरक्षक। फोटो : हरिभूमि

था। इस बारे में जानकारी देते हुए गौरक्षा दल भिवानी के प्रधान संजय परमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह उन्हे सूचना मिली कि बावड़ी गेट पर एक नंदी बीमार अवस्था में पड़ा है। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नंदी की हालत गंभीर होने के चलते उन्होंने पशुओं को उठाने वाले ठेकेदार को फोन किया, लेकिन उक्त ठेकेदार द्वारा गाडी खराब होने की बात कहकर फोन काट दिया। जिसके कुछ देर बाद वही गाड़ी तोशाम बाईपास पर सडक़ पर चलती हुई देखी गई। परमार ने कहा कि नगर परिषद के ठेकेदार द्वारा बोले गए झूठ व कार्य में कोताही की वजह से एक नंदी तड़प.तड़प कर जान गंवा दी। जिसके विरोध में उन्होंने नंदी के पार्थिव शरीर को लेकर नगर परिषद कार्यालय के बाहर धरना दिया है। गौरक्षक संजय परमार ने कहा कि नगर परिषद की इसी कार्यप्रणाली से परेशान होकर करीबन डेढ़ पहले भी गौरक्षकों ने धरना दिया था तथा नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप ने कार्यप्रणाली में सुधार किए जाने का आश्वासन दिया था तथा नप की पशु एंबुलैंस को ठीक करवाने का भी वायदा किया था। लेकिन अब भी स्थिति ज्यो की त्यो की है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की एंबुलैंस ठीक होती तो इस नंदी की जान बचाई जा सकती थी। नगर परिषद के अधिकारियों कर्मचारियों की ढ़ीली व लापरवाह कार्यशैली के चलते बेजुबान जानवर दम तोड़ रहे है, जबकि उनके पास सभी सुविधाएं उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि शहर में घायल या बीमार पशुओं को उठाने का कार्य नगर परिषद का है, लेकिन पिछले कई वषार् से यह कार्य गौरक्षक अपने दम पर कर रहे हैए इसके बावजूद भी पशु एंबुलैंस को ठीक ना करवाकर नगर परिषद बेजुबान जानवरों से अन्याय कर रहा है। उन्होंने कहा कि अब जब तक बेजुबान घायल जानवरों के ईलाज का ठोस आश्वासन व आरोपी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती, वे धरने से पीछे नहीं हटेंगे।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मोहन, कुलदीप पालू, कुकी परमार, रोहित राणा,प्रियांशु, अंकित भोला ठेकेदार, केशव, सूरज, गोलू शर्मा, अक्षय, सुमित, प्रिंस, शुभम आयुष, बिजेंद्र, आदी तंवर, तुषार, रजत भाटी, चिराग, गौरव, दीपू सेन, जितेंद, सुमित फौजी कालिया मिस्त्री, अमन, दिनेश, अभिषेक, बलदेव अमित बीरण, आशीष पालवास,गोपी, करण सहित अन्य गौरक्षक भी मौजूद रहे।



**लोहारू।** कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेते लोहारू एसडीएम अमित कुमार।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीएम ने ली अफसरों की बैठक

- चौधरी देवीलाल स्टेडियम में होगा कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

चौधरी देवीलाल स्टेडियम में 26 जनवरी को उपमंडल स्तर पर गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। राष्ट्रीय पर्व के सफल आयोजन के लिए अधिकारी-कर्मचारी पूर्ण निष्ठा, कर्मठता व ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करें।

ये बात एसडीएम अमित कुमार ने कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कही। एसडीएम अमित कुमार ने बताया कि समारोह स्थल पर सुंदर रंगोली बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाएगा और विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक झाकियों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस दौरान विभिन्न प्रशासनिक तथा विभागीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। उन्होंने आयोजन स्थल की सफाई, बैठने की व्यवस्था, मंच की सजावट, शौचालय व्यवस्था, एंबुलेंस, पेयजल आदि के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए दिशा-निर्देश दिए। सांस्कृतिक कार्यक्रम में अधिक से अधिक बच्चों को शामिल करें। पुलिस विभाग व शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि परेड, पीटी शो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी करवाएं।

#### ये रहे मौजूद

बैठक में डीएसपी अशोक कुमार, तहसीलदार विक्रम सिंगला, नायब तहसीलदार संजय शर्मा, बीडीपीओ धर्मपाल व विनोद सांगवान, एसएमओ डॉ गौरव चतुर्वेदी, खंड शिक्षा अधिकारी विजयप्रभा, रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर ओपी पिलानिया, मार्केट कमेटी के सचिव अनिल कुमार, एसडीओ अनिल गुप्ता, एसडीओ ईश्वर सिंह, नगरपालिका सचिव तेजपाल, जेई सुशील कुमार, सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद थे।



**तोशाम।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए। फोटो : हरिभूमि

## इंदीवाली व लाडियावाली में पहुंची भारत विकसित संकल्प यात्रा

- विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा शुक्रवार को को कैरू खंड के गांव इंदीवाली व लाड़ियाँवाली गांव में पहुंची। ग्रामीणों द्वारा यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा में पूर्व विधायक शशिरंजन परमार भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ए जिला महामंत्री हर्षवर्धन मानए श्विकसित भारत यात्रा के जिला सह.संयोजक रोहताश चौहानए मंडल अध्यक्ष प्रदीप तंवर शामिल हुए। इस मौके पर विकसित भारत बनाने का संकल्प दिलाया गया व एलईडी के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। पूर्व विधायक शशिरंजन पर परमार, पूर्व जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़, महामंत्री हर्षवर्धन मान व यात्रा के जिला सह.संयोजक रोहताश चौहान ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंचाया जा रहा है। विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा के माध्यम से घर बैठे ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार ने पीपीपी से पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देने का कार्य किया है।

### चौथे दिन शिविरार्थियों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया

**बहल।** बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन शिविरार्थियों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया गया। चिकित्सक डॉ. डीपी बूरा ने स्वयंसेवकों को किसी आपात स्थिति में त्वरित मेडिकल सहायता के बारे में बताया। उन्होंने शिविरार्थियों से कहा कि वे अपनी दिनचर्या में योग व ध्यान को शामिल करें। शुक्रवार को शिविर के चौथे दिन की शुरूआत एनएसएस प्रभारी जोगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में शिविरार्थियों ने लक्ष्य गीत से की। शिविर के मुख्यातिथि मानव अस्पताल के चिकित्सक डॉ. डीपी बूरा ने स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पूर्वजों का स्वास्थ्य को लेकर जो कथन था कि धन गया तो कुछ नहीं गया पर स्वास्थ्य गया तो सब कुछ गया एकदम सही है। स्वास्थ्य रक्षा के लिए शिविरार्थी किसी प्रकार के जंक फूड अथवा नशे का सेवन न करें। वे शुद्ध व पौष्टिक आहार लें। रात को समय पर सोएं व सुबह जल्दी उठने की आदत डालें। उन्होंने स्वयंसेवकों को को सीपीआर के बारे में व प्राथमिक उपचार के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

## लोहारू हलके के पांच गांवों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

- जिला उपप्रमुख व जिप सदस्यों ने लोगों को दिलाया विकसित भारत का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू/बहल

लोहारू हलके के गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का सफर लगातार जारी है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को भाजपा की विकसित भारत संकल्प यात्रा लोहारू हलके के गांव ढिगावा श्यामियान, बड़्दु मुगल, सोरड़ा जदीद तथा सोरड़ा कदीम आदि गांवों में पहुंची, जहां ग्रामीणों ने यात्रा का स्वागत किया और विभिन्न विभागों ने स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं को पात्र उम्मीदवार का लाभ मुहैया करवाना सुनिश्चित किया। ढ़िगावा श्यामियान, बड़्दु मुगल में जिला उपप्रमुख सुनीता जांगड़ा तथा गांव सोरड़ा जदीद व सोरड़ा कदीम में भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य व जिला पार्षद रविंद्र मंढोली ने विकसित भारत संकल्प की लोगों को शपथ दिलवाई।

जांगड़ा व मंढोली ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से शुरू किया देशव्यापी विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेगा।



**लोहारू।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मौजूद जिला उपप्रमुख सुनीता जांगड़ा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

#### अब नहीं काटने पड़ते कार्यालयों के चक्कर

उन्होंने कहा कि आज नागरिकों को योजनाओं को लाभ लेने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे बल्कि प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहरलाल की सरकार लाभार्थियों के घरद्वार पर पहुंच रही है। संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केंद्रित है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉलों के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ-साथ योजनाओं के आवेदन भी लिए जा रहे है। इस मौके पर बीडीपीओ धर्मपाल व विनोद सांगवान, एसईपीओ दीपक शर्मा व सुरेंद्र श्योराण, संजय जांगड़ा, कैप्टन रामफल श्योराण, वीरेंद्र श्योराण, वीरेंद्र लाम्बा, ढिगावा शामियाना की सरपंच सुमित्रा, अजीत सिंह, राजकुमार, बड़्दू मुगल के सरपंच रोहताश, सोनिया, संदीप कुमार, लक्ष्मीरानायण, कविता, महिपाल पूर्व सरपंच, सरपंच सोमबीर, पूर्व सरपंच चंद्रपाल, बिजेंद्र कसवां, राजेन्द्र सचिव, रणजीत आदि मौजूद थे।



**भिवानी।** प्रदर्शनी का अवलोकन करते शिक्षक व विद्यार्थी।

## विद्यार्थियों को दी डिजिटल बैंकिंग की जानकारी

- रतेरा स्कूल में पांच दिवसीय लाइफ स्किल डिवलेपमेंट कैंप का आयोजन

**भिवानी।** राज्य परियोजना निदेशक हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकुला आदेश अनुसार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतेरा में पांच दिवसीय लाइफ स्किल डिवलेपमेंट कैंप का आयोजन किया गया है, जिसमें सर्दी की छुट्टियों में स्कूल की छात्राओं को कैंप में शामिल किया गया है। लाइफ स्किल डिवलेपमेंट कैंप में बैंकिंग एंड फाइनेंस विभाग की शिक्षिका मीनाक्षी वधवा व आशा कल्सन ने आर्ट एंड क्राफ्ट के साथ हेल्थ, बैंकिग व भाषा के संचार के बारे में जानकारी दी। कैंप के दौरान रिसॉर्सपर्सन को प्रतिदिन आमंत्रित किया। वक्तव्यों ने छात्राओं को कलात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी। शिक्षिका मीनाक्षी वधवा, बिजेंद्र सिंह, प्रधान सुदेश, आशा कल्सन, एबीआरसी सत्यवान, रमेश रंगा, भूप सिंह आदि ने कहा कि ईश्वर ने हम सभी को कोई न कोई कला या हुनर दिया है, जिससे हमारा जीवन निरंतर उर्जस्वी व तेजस्वी बना रहता है। इस भागादौड़ भरी जिंदगी के बीच यदि आपको बैंक जाना पड़े तो आधा दिन तो चुटकियों में निकल जाता है, ऐसे में डिजिटल बैंकिंग ने ग्राहकों को बड़ी राहत दी है। डिजिटल बैंकिंग या औनलाइन बैंकिंग के जरीए आप मिनटों में पैसों का लेनदेन, लोन के लिए आवेदन व अन्य बैंक संबंधित कई काम निपटा सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड से बचने संबंधी जानकारी दी तथा अकाउंट नंबर व अन्य पासवर्ड जैसी जानकारी किसी को नहीं देने का आह्वान किया।

### प्रदर्शन कर उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम सौंपा मांगपत्र

# ईवीएम के विरोध में सड़कों पर उतरा भारत मुक्ति मोर्चा

- सुप्रीम कोर्ट के आदेशों को भी रौंदते हुए लोकतंत्र का गला घोंट रहा चुनाव आयोग : सुरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

आगामी चुनावों को लेकर राजनीतिक पार्टियों द्वारा जोर शोर से तैयारियां की जा रही हैं, वहीं विभिन्न सामाजिक संगठन इस बार ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग कर रहे है, ताकि चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता को कायम रखा जा सके। इसी कड़ी में ईवीएम के विरोध में भारत मुक्ति




**भिवानी।** ईवीएम के विरोध में प्रदर्शन करते भारत मुक्ति मोर्चा के सदस्य।

मोर्चा के बैनर तले विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को शहर में प्रदर्शन किया तथा उपायुक्त के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा। बता दें कि ईवीएम के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम के निर्देशांनुसार देश भर में चरणबद्ध आंदोलन चलाए जा रहे है, जिसके तहत पहले चरण में शुक्रवार को मांगपत्र सौंपे गए यदि अब भी सरकार मांग नहीं मानती है तो दूसरे चरण के तहत 10 जनवरी को देश भर के जिला मुख्यालयों पर धरने प्रदर्शन किए जाएंगे। इस अवसर पर गणेशीलाल वर्मा, सतीश गौतम, अनिल नाथुवास, पवन रेवाड़ी, डॉ. उमेद सिंह, संजीव उमरावत, अनिल बामला, हरीश जमालपुर, सुरेंद्र धानक, रेनू वाल्मिकी, अमरनाथ धनाना, मिंटू प्रजापति, संजय प्रजापति, सुरेश तिगड़ाना, दिलेर आदि मौजूद रहे।

#### लोकतंत्र के लिए खतरा

बहुजन मुक्ति पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश प्रजापति ने कहा कि ईवीएम देश के लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी माना कि ईवीएम के जरिए देश में मुक्त, पारदर्शी व स्वतंत्र चुनाव नहीं हो सकता। मोर्चा के जिला संयोजक सतीश मेहरा ने कहा कि वर्तमान में पूरे देश में भाजपा का हर वर्ग विरोध कर रहा है, इसके बावजूद भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाती है, जिसका सीधा ईशारा ईवीएम में धांधली की तरफ जाता है।

## मुक्केबाज हर्षिल का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

हाल ही में महाराष्ट्र के अकोला में 24 से 30 दिसम्बर तक सम्पन्न हुई 67वीं स्कूल नेशनल बाक्सिंग चैंपियनशिप में अजीत बॉक्सिंग क्लब के मुक्केबाज हर्षिल ने 36 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। इसके अलावा 45 किलोग्राम भारवर्ग में दिव्यांश मिश्रा ने रजत पदक जीता है।

गांव पुर में पहुंचने पर स्वर्ण पदक विजेता हर्षिल व उनके कोच नवीन बल्हारा फ्रूटी का ग्रामीणों व खेलप्रेमियों ने जोरदार स्वागत किया। पदक विजेता खिलाड़ी को क्लब प्रधान सुरेंद्र सिवाच, मनजीत अहलावत, शेरसिंह ग्रेवाल, राजेश बेनीवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, विकास पंघाल, अजय सुहाग, ओमबीर बैनीवाल, मोनू वर्मा, डॉ. मनफूल ग्रेवाल, विकास बेनीवाल, हर्षिल के दादा सतबीर दूहन, भूपेन्द्र ग्रेवाल, सतेन्द्र सांगवान, धर्मबीर दूहन, मनजीत फौजी, सरपंच आशीष बेनीवाल, जितेन्द्र बेनीवाल, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज प्रवीण लीली, संजय लीली, मनजीत, सुनील, दिनेश, अशोक व लाला आदि ने बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। हर्षिल के पिता रिंकू भी अंतरराष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाज रहे हैं, जोकि वर्तमान में रेलवे में कार्यरत हैं।



**भिवानी।** पदक विजेता मुक्केबाज व कोच का अभिनंदन करते खेलप्रेमी।

## खबर संक्षेप

### जांघू ने आधा दर्जन गांवो में किया जनसंपर्क

**चरखी दादरी।** दादरी में 11 जनवरी को होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर वरिष्ठ नेता नितिन जांघू ने शुक्रवार से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की है। अभियान के तहत वे क्षेत्र के करीब आधा दर्जन गांवों में पहुंचे और लोगों से रूबरू हुए और पार्टी की नीतियों से उन्हें अवगत करवाते हुए कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण दिया।

### प्लास्टिक की थैली एवं कचरे का किया निस्तारण

**चरखी दादरी।** आदर्श वमा विद्यालय बौंदकलां में आयोजित एनएसएस कैंप के दूसरे दिन शुक्रवार को स्वयंसेवकों ने स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया। बच्चों ने स्कूल परिसर से खरपतवार पौधे नष्ट किए गए तथा प्लास्टिक की थैली एवं अन्य कचरे को परिसर से इकट्ठा कर निस्तारण किया।

### कार्यकारिणी का किया गठन

**भिवानी।** हरियाणा अनुसूचित जाति राजकीय अध्यापक संघ जिला भिवानी ने अपनी खंड कार्यकारिणियों के चुनाव कार्यक्रम के तहत अपने जिले के सभी सातों खंडों के चुनाव पूरे कर लिए है।

### अनुसूचित जाति वर्ग को राशन नहीं, शासन चाहिए

**भिवानी।** अखिल भारतीय जाट आरक्षण संघर्ष समिति के जिला प्रधान कुलदीप फौगाट ने कहा कि देश को विश्व का सबसे बड़ा एवं गौरवशाली संविधान देने वाले बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की पीढ़ियां आज अपने ही अधिकारों से वंचित है। देश की आजादी के इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी अनुसूचित जाति वर्ग के लोग राजनीतिक रूप से काफी पिछड़े हुए हैं।

### योजना के साप्ताहिक शिविर के पांचवें दिन रही धूमधाम

**बवानीखेड़ा।** बीके वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,बवानी खेड़ा में जिला स्तरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के साप्ताहिक शिविर के पाँचवे दिन पर बड़े हर्षोल्लास का वातावरण रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बवानी खेड़ा से उप.निदेशक एवं पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सुंदर सिंह ने शिरकत की।

### पर्यावरण के नाम पर सरकार ने खनन कार्य रोका

**भिवानी।** अखिल भारतीय किसान सभा व मजदूरों संगठन सीटू ने संयुक्त किसान मोर्चे एवं केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर जनसमस्याओं व अपनी मांगों को लेकर 10 जनवरी से 20 जनवरी तक गांव गांव व कस्बों में जनअभियान चलाने का निर्णय लिया है तथा 26 जनवरी को 12 बजे के बाद जिला स्तर पर ट्रेक्टर यात्रा निकालेंगे।

### पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र बनवाना हुआ आसान

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार ने पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया को पहले से काफी आसान कर दिया है। नागरिक सरल पोर्टल से प्रमाण पत्र के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पीपीपी पर आधारित पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के लिए यह सुविधा शुरू की गई है।

# नगर परिषद ने फिर शुरू किया अतिक्रमण हटाओ अभियान कब्जा करने वाले प्रतिष्ठानों को सील करने की दी चेतावनी

**संबंधित विभाग अतिक्रमण करने वालों को देगा नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशों पर नगर परिषद ने शहर में फिर से अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया है।

उपायुक्त ने मौके पर जाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अतिक्रमण करने वालों को तुरंत नोटिस जारी करें और दोषी के प्रतिष्ठानों को सील करने की कार्रवाई की जाए।

शुक्रवार को परशुराम चौक से लेकर लाला लाजपत राय चौक तक किए गए कब्जों को हटाकर दोषियों को चेतावनी भी दी गई हैं। दादरी जिले में उपायुक्त के निर्देशों पर अतिक्रमण के खिलाफ की जा रही कार्यवाही दोबारा शुरू कर दी गई है। प्रदूषण व रास्तों की मरम्मत के कारण कुछ दिनों के लिए इस अभियान को रोकना पड़ा था, लेकिन उपायुक्त ने कहा कि जल्द ही अवैध कब्जों के खिलाफ कार्यवाही शुरू होगी। अवैध कब्जों को स्वयं हटा लें और दोबारा कब्जा न करें अन्यथा संबंधित दोषी के प्रतिष्ठानों को सील कर दिया जाएगा। शुक्रवार को फिर से उपायुक्त के निर्देश पर नगर परिषद की टीम बाजार में पहुंची और अवैध कब्जों पर कार्यवाही की।

## उपायुक्त मनदीप कौर ने मौके पर जाकर दिए निर्देश

**उपायुक्त ने स्वयं मौके पर जाकर किया निरीक्षण**

उपायुक्त ने स्वयं मौके पर जाकर निरीक्षण किया और मौजूद लोगों से दोबारा अपील करते हुए कहा कि दादरी सभी लोगों को शहर है, ऐसे में अपने शहर को साफ व सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी सबकी है। लेकिन अतिक्रमण के कारण इसमें रूकावट आती है। इसलिए सभी लोग अवैध कब्जों को स्वयं हटा लें और जिला प्रशासन को सहयोग दें। साथ ही अवैध कब्जे करने वाले लोगों की जानकारी भी नगर परिषद को दें ताकि उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके।



भिवानी। दुकानदारों से अतिक्रमण हटाने में सहयोग की अपील करते डीसी।

**सभी अवैध कब्जों पर समान होगी कार्यवाही**

उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि शहर में अवैध किए गए किसी भी कब्जे को छोड़ा नहीं जाएगा, सभी कब्जों पर बिना किसी भेदभाव के कार्यवाही की जा रही है। शहर के लोगों को भी सजग होकर कब्जों को हटाना होगा जोकि पूरे शहर के लिए अच्छी बात होगी। सभी लोग जिला प्रशासन की इस मुहिम में साथ दें।

## कपास की फसल 2022 में प्राकृतिक आपदा से नष्ट हो गई

# किसानों ने मुआवजे के लिए प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**बीमा कंम्पनी ने अभी तक भी 50.55 गांवों का मुआवजा जारी नहीं किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

शुक्रवार को एआईकेकेएमएस के बैनर तले किसानों ने फसल खराबे का बकाया 2022 खरीफ और 2023 रवि सरसों का बकाया मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम तोशाम के माध्यम से मुख्यमंत्री सरकार के नाम एक ज्ञापन एसडीएम के रीडर धर्मवीर सिंह को सौंपा। इस मौके पर संगठन के जिला सचिव एडवोकेट बस्तीराम ने बताया कि कपास की फसल 2022 में प्राकृतिक आपदा से बिल्कुल नष्ट हो गई थी।

जिसकी सरकार द्वारा गिरदावरी भी करवाई गई थी और सरकार ने 70.80 प्रतिशत नुकसान माना था जिसका बीमा कंम्पनी ने अभी तक भी 50.55 गांवों का मुआवजा जारी नहीं किया है और 2023 में रवि की सरसों फसल सर्दी के कारण बिल्कुल बर्बाद हो गई थी। सरकार ने गिरदावरी में उस टाइम भी पूरा नुकसान माना था लेकिन अभी तक मुआवजा जारी नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार तुरंत किसानों को मुआवजा जारी करें। इस मौके पर जिला सहसचिव इंदर सिंह फौजी ने कहा कि खेती घाटे का सौदा हो चुकी है।

खादए बीज सभी प्रकार की मशीनरी की कीमत आसमान छू रही है जबकि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी नहीं होने के चलते फसल का भाव नहीं मिलता। जिसके कारण किसान कर्ज के जाल में फंसकर आत्महत्या करने को मजबूर है। इसलिए संगठन मांग करता है कि किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दे, बिजली बिल 2022 रद्द करें, सुंदर ब्रांच सहित सभी नहरो में महीने में 15 दिन पानी दिया जाए, आवारा पशुओं का प्रबंध करें, गरीब किसान.मजदूर को कर्ज मुक्त करें। इस मौके पर संगठन के जिला प्रधान रोहतास सिंह ने भी अपने विचार रखे। प्रदर्शन में फूल सिंह, नरसिंह,सतवीर पंघाल, महेंद्र सिंह कटारिया,सतवीर सिंह नेहरा, भूपेंद्र सिंह रतेरा, कासिम चौहान, फतेह सिंह निगाना कला आदि सहित अनेक किसान मौजूद थे।




तोशाम। मांगों को लेकर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# नागरिक अस्पताल को भेंट किए कंबल

- आमजन की सेवा के लिए जेसीआई ने छेड़ा अभियान
- नागरिक अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों को नहीं झेलनी पड़ेगी ठंड की मार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

आमजन की सेवा के लिए हमेशा बढ़-चढ़कर कार्य करने वाले जेसीआई भिवानी ने अब नागरिक अस्पताल में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों की सेवा व सहायता के लिए हाथ बढ़ाते हुए अस्पताल प्रशासन को 125 कंबल व 60 गद्दे भेंट किए है, ताकि मरीजों के परिजनों को ठंड की मार से बचाया जा सके। कार्यक्रम के संयोजक अमित बंसल ने बताया कि चौधरी बंसीलाल अस्पताल में दूर-दराज के गांवों से भी मरीज आते है, जो जल्दबाजी में अपने साथ गर्म कंबल या रिजाई लाना भूल जाते है। उन्होंने कहा कि मरीज की व्यवस्था तो अस्पताल प्रशासन द्वारा कर दी जाती है, लेकिन मरीज के परिजन को रात भर ठंड की मार झेलनी पड़ती है, ऐसे में मरीजों के साथ आने वाले परिजनों की सेवा के उद्देश्य से जेसीआई भिवानी ने नागरिक अस्पताल को 125 कंबल एवं 60 गद्दे उपलब्ध करवाएं है।



भिवानी। नागरिक अस्पताल को 125 कंबल एवं 60 गददे भेंट करते जेसीआई के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## श्रीराम ने शिव धनुष को तोड़कर जनक के प्रण को किया पूर्ण

- मनुष्य का जीवन बिना गुरू के अधूरा : डॉ. विनय

हरिभूमि न्यूज : भिवानी

भगवान श्रीराम की परम पवित्र कथा आम जनमानस के सभी दुःखों को दूर करने वाली है। भगवान श्रीराम ने शिव धनुष को तोड़कर राजा जनक के व्रत को पूर्ण करके सीता से विवाह किया, ये विचार कथाव्यास डॉ. विनय मिश्र ने वृजवासी कॉलोनी दिनोद रोड पार श्रीराम कथा के पांचवें दिन श्रीराम कथा में प्रवचन देते हुए कही। कथा में संगीत मंडली ने मधुर व मनमोहक भजन प्रस्तुत कर पूरे क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया। कथा का रसपान कराते हुए मिश्र ने कहा कि श्रीराम कण-कण में रमण करने वाली शक्ति है और श्रीराम की कथा श्रवण करने से इंसान भवसागर से पार हो जाता है। उन्होंने कहा कि इसकी महिमा जितनी कही जाए कम ही है, जो भगवान की कथा को श्रवण कर अपने जीवन में चरितार्थ करते हैं उसका जीवन धन्य हो जाता है।



भिवानी। प्रवचन देते कथाव्यास डॉ. विनय मिश्र।

### सुपर 100 जागरूकता अभियान कार्यक्रम शुरू

**तोशाम।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को बुनियाद मिशन और सुपर.100 जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार अशोक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की तो तोशाम के खंड शिक्षा अधिकारी रघुवीर सिंह, प्राचार्य सुदेश कुमार, गुरुग्राम से आई सुप्रिया व रौनक तथा भिवानी से पहुंची डीईईओ संतोष नागर और डीएसएस रोहित कुमार व विवेक ने बतौर अतिथि कार्यक्रम में शिरकत की। सुपर.100 पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य सन 2018 में शुरू हुए सुपर.100 के माध्यम से 11वीं व 12वीं कक्षा के छात्रों को आईटीआई और मेडिकल की कोचिंग प्रदान करना है।

## विभाग के आदेश प्राप्त होते ही कार्य को पहनाएं अमलीजामा: डीईओ



**बवानीखेड़ा।** विभाग के आदेश प्राप्त होते ही उस कार्य को तुरंत प्रभाव से अमलीजामा पहनाने का कार्य करें ताकि जिला अव्वल आ सके और किसी भी सूरत में न पिछड़े। ये बात जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता ने चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में जिले के एबीआरसीए खंड एवं संकुल स्तर के यूडाइस के तकनीकी कर्मचारियों को बैठक में संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने बताया कि यूडाइस का कार्य काफी धीमा चल रहा है जबकि एबीआरसी, आईओएलएम विभाग की रीढ़ की हड्डी हैं इनके बिना कार्य की कल्पना नहीं की जा सकती। कर्मचारी अपने कार्य को पूरी निष्ठा के साथ करते हैं लेकिन एकाध की कमी के कारण पूरा जिला पिछड़ जाता है इसलिए राजकीय व निजी विद्यालयों से यूडाइस के कार्य को जल्द ही पूरा करवाना है। कर्मचारियों ने कुछ विद्यालयों की ढ़िलाई के चलते इस कार्य में धीमेपन होने की बात कही जिस पर जिला शिक्षा अधिकारी नरेश महता ने स्वयं राजकीय व निजी विद्यालय मुखियाओं से इस कार्य में हो रही ढ़िलाई को लेकर सख्ती से बात की और कार्य को पूरा करने के आदेश दिए।

# कांग्रेस का सम्मेलन होगा ऐतिहासिक

- पूर्व मंत्री व हुड्डा के राजनीतिक सलाहकार ने लिया तैयारी का जायजा

हरिभूमि न्यूज : चरखी दादरी

दादरी में 11 जनवरी को होने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन की लेकर तैयारियां को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राजनीतिक सलाहकार प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह व पूर्वमंत्री आनंद सिंह दांगी शुक्रवार को दादरी पहुंचे, जहां उन्होंने कांग्रेस नेत्री मनीषा सांगवान के आवास पर स्थानीय नेताओं के साथ सम्मेलन को लेकर विस्तृत चर्चा की। दादरी पहुंचने पर कांग्रेसी नेत्री मनीषा सांगवान की अगुवाई में स्थानीय नेताओं नेताओं ने उनका स्वागत किया। बता दें कि 11 जनवरी को दादरी के पोरटा होटल में कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन होगा, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान सिंह, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा शिरकत करेंगे। सम्मेलन को लेकर प्रोफेसर वीरेंद्र सिंह व आनंद सिंह दांगी ने दादरी पहुंचकर मनीषा के आवास पर नेताओं से चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोग भाजपा-जजपा गठबंधन से पूरी तरह से परेशान हो चुके हैं और पूरी तरह से बदलाव के मूड में है। मौजूदा सरकार से तंग आ चुके लोगों को फिर से कांग्रेस व भूपेंद्र सिंह हुड्डा का कार्यकाल याद आने लगा हैं। उन्होंने कहा कि समस्त हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की लोकप्रियता बढ़ती जा रही है और अब वो दिन दूर नहीं है जब कांग्रेस उनके नेतृत्व में हरियाणा में सरकार बनाएगी।

इसलिए हमें इन बचे हुए दिनों में



चरखीदादरी। सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा करते कांग्रेस नेता।

## आयोग से अनुमति मिली तो भिवानी महेंद्रगढ़ से लड़ेंगे चुनाव: अजय



**भिवानी।** जननायक जनता पार्टी का एक ही संकल्प है कि आम आदमी तक छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी सुविधा बे. रोकटोक पहुंचे। इसके लिए पार्टी के सभी पदाधिकारी पूरी लगन से जुटे हुए हैं। यह बात जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला ने पार्टी के प्रदेश सचिव वीरेंद्र बापोडा के बापोड़ा स्थित निवास पर जन समस्याएं सुनते हुए कही। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयास के बावजूद कुछ समस्याएं रह जाती है लेकिन उनका प्रयास है कि प्रदेश के एक.एक आदमी तक पहुंच कर उनकी समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जा सके। वीरेंद्र बापोड़ा के आवास पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला के साथ डॉ विनोद अंचल भी पहुंचे थे। उन्होंने उपस्थित जनों को भरोसा दिलाया कि यदि आप लोगों का आशीर्वाद रहा तो निश्चित रूप से हर समस्या का समाधान होगा और सुविधाएं प्रदेश के हर आदमी तक निर्बाध पहुंचेगी। भले ही वह दूर दराज के ग्रामीण अंचल में रहता हो या फिर शहर के बीच में इससे कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। आम आदमी तक सुविधाएं पहुंचाने का जिम्मा प्रशासन के अधिकारियों को होगा और यदि वे कोई कोताही बरतेंगे तो उनकी जवाबदेही भी तय होगी।

## मत्स्य विभाग ने 160 लाभार्थियों को दिया 2 करोड़ 85 लाख 14 हजार 500 का अनुदान

- विभाग द्वारा वर्ष 2023.24 में मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए दी गई है अनुदान राशि

हरिभूमि न्यज ▶▶ भिवानी

मत्स्य विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित अन्य योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। जिला में 2023.24 में 160 मत्स्य पालन के लाभार्थियों को 2 करोड़ 85 लाख 14 हजार 500 रुपए का अनुदान दिया जा चुका है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 40 से 60 प्रतिशत अनुदान राशि डीबीटी के माध्यम से दी जाती है। डीसी ने बताया कि भिवानी में प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत खारे पानी के कुल क्षेत्रफल 677.5 एकड़ में में झींगा पालन किया जा रहा।

**योजना के तहत दिया जाता है विशेष प्रोत्साहन**

उन्होंने बताया कि विगत वित्त वर्ष के दौरान अनुसूचित जाति कल्याण योजना के तहत 90 बेरोजगार युवाओं को मत्स्य पालन का प्रशिक्षण दिया गया है, जिस पर एक लाख दो हजार 300 रूपए की राशि प्रोत्साहन के रूप में दी गई है।

**मछली पालन मुख्य व्यवसाय बन रहा :डीसी**

उपायुक्त नरेश नरवाल ने बताया कि खेती व पशु पालन के साथ.साथ मछली पालन प्रमुख व्यवसाय बन रहा है। अलग.अलग स्कीमों में सरकार द्वारा अनुदान राशि भी दी जाती है। इच्छुक युवाओं को यह रोजगार अपनाना चाहिए। इसके लिए विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

### राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन

**भिवानी।** शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लेघा 0432 मैं सात दिवसीय विशेष राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन प्राचार्य महेन्द्र सिंह गिल की अध्यक्षता में सरपंच प्रतिनिधि राजबीर ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी विनोद कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य व महत्व के बारे में बताया। इसके बाद स्वयं सेवक, सेविकाओं ने अपने सात दिन के अनुभव को साझा किया।

वरिष्ठ प्रवक्ता बी बी गुप्ता,राकेश शर्मा व सुरेंद्र ने एन एस एस के लोगों व ध्येय वाक्य तथा स्थापना के बारे मैं बताया। इस अवसर पर पंच पवन कुमार,प्रवक्ता संध्या, ज्योति व रामफल शास्त्री ने भी स्वयं सेवक सेविकाओं को को आशीर्वाद दिया।

**विधायक व महंत चरणदास ने सीएम से मिलकर दी 21 दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी**

# सैकड़ों वर्षों के संघर्ष से बना राम मंदिर: विधायक

- 22 को हनुमान जोहड़ी मंदिर में लाइव दिखाया जाएगा श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले श्रीरामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित किए जा रहे 21 दिवसीय कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए बालयोगी महंत चरणदास महाराज भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहरलाल से मिले तथा उन्हें 21 दिवसीय कार्यक्रमों की विस्तृत रूप से जानकारी दी। इस दौरान विधायक के नीजि सचिव सत्यनारायण गुज्जर, पारस डालमिया, रमेश सैनी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री से मिलने के उपरांत भिवानी पहुंचने पर महंत चरणदास महाराज ने बताया कि 22 जनवरी को होने वाले श्रीरामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का लाइव प्रसारण हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम में दिखाया जाएगा।

यही नहीं 22 जनवरी को दीपोत्सव भी मनाया जाएगा तथा प्रत्येक श्रद्धालु से आह्वान किया कि जाएगा कि मंदिर से लेकर अपने घरों तक द्वीप जलाए। उन्होंने कहा कि लोगों में राम मंदिर को लेकर दिवाली से भी अधिक उत्साह है तथा लोग अपनी खुशी जाहिर नहीं कर पा रहे है। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि 22 जनवरी राष्ट्रीय शौर्य के महापर्व का दिन है, ये शुभ दिन सैंकड़ों वर्षों के संघर्ष व लाखों लोगों के बलिदान के बाद आया है। सभी जिला व देशवासियों को श्रीरामलला के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को धूमधाम से मनाया चाहिए तथा अपने बच्चों व युवा पीढ़ी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन के संबंध में बताया चाहिए, ताकि वे उनके जीवन से प्रेरणा लें। सैनी ने बताया कि मंदिर में सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, यही नहीं रामायण को लेकर विभिन्न स्कूलों की प्रतियोगिता एवं योग प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी।



भिवानी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करते विधायक सर्राफ, महंत चरणदास व अन्य।

## खबर संक्षेप

### खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 9 को

**तोशाम।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 9 जनवरी को खंड कैरू के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कैरू के खेल मैदान में खंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सीडीपीओ लाजवन्ती ने बताया कि 18 से 30 वर्ष और 30 वर्ष से अधिक की आयु के दो वर्गों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में 100 , 300 व 400 मीटर दौड़, साइकिल रेस, मटका दौड़, व आलू.चम्मच दौड़ का आयोजन करवाया जाएगा।

### घर में घुसकर हमला करने पर मामला दर्ज

**बवानीखेड़ा।** घर में घुसकर जानलेवा हमला करने पर पुलिस ने चार के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस में दिए बयान में लोहारी जाटू निवासी चतर सिंह ने बताया कि 16 दिसंबर को वह घर पर था और आशु उर्फ अश्वनी, निरंजन, पुरूशोतम, मामन ने उस पर लाठी डंडों से लैस होकर जानलेवा हमला करते हुए चोटें मारी। पुलिस ने मामला दर्ज कर हमलावरों की तलाश शुरू कर दी।

### दवाई लेने के लिए गई युवती नहीं लौटी घर

**तोशाम।** गांव बीरन में घर से दवाई लेने के लिए गई 20 वर्षीय युवती वापिस घर नहीं आई। बीरन के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री गत 3 जनवरी को सुबह करीबन 8 बजे दवाई लेने के लिए घर से गई थीए लेकिन घर नहीं लौटी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### अमरूद और नींबू की खेती की जानकारी

**भिवानी।** कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में मिट्टी एवं पत्ति परीक्षण के आधार पर अमरूद एवं नींबू वर्गीय फलों की खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गांव धारेड़ और लोहानी के किसानों ने भाग लिया। शिविर में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉ. बिजेंद्र सिंह बेनीवाल ने किसानों को फूलों की खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ उन्होंने फूलों की खेती बागों के मध्य करने की भी जानकारी दी।

# रवि योग व शतभिषा नक्षत्र में 15 को मनाई जाएगी मंकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

हर वर्ष की भांति अबकी बार भी मकर संक्रांति को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है की मकर संक्रांति 14 जनवरी को मनाई जाएगी या 15 जनवरी को। क्योंकि सूर्यनारायण 14 जनवरी की रात 3 बजकर 44 मिनट पर धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा। छपारिया हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित रामकिशन गोवर्धन.मथुरा वाले ने बताया कि सूर्य की आराधना का पर्व मकर संक्रांति सामान्य रूप से जनवरी माह की 14 तारीख को मनाया जाता है, लेकिन इस बार मकर संक्त्रांति का यह त्योहार 15 जनवरी के दिन मनाया जाएगा।

दरअसल, सूर्यनारायण 14 जनवरी की रात 3 बजकर 44 मिनट पर धनु से मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्यास्त के बाद राशि परिवर्तन करने से मकर संक्त्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को रहेगा। इसलिए इस बार मकर संक्रांति का पर्व रवि योग में 15 जनवरी को मनाया जाएगा।

### पुण्यकाल 15 को पूरे दिन



पंडित रामकिशन गोवर्धन.मथुरा वाले बताते हैं, मकर संक्रांति का पुण्यकाल 15 जनवरी को पूरे दिन रहेगा। ऐसे में त्योहार इसी दिन मनाया जाएगा। मकर संक्त्रांति पर्व के अवसर पर तीर्थ स्थानों पर स्नान, दान, जप और धार्मिक अनुष्ठानों को करने का विशेष महत्व होता है। यदि किसी कारण कोई इस दिन तीर्थ स्थल नहीं जा सकता है,तो वह अपने घर पर ही सूयार्ेदय से पहले उठकर स्नान ;पानी में तिल मिला लेंद्ध कर सकता है। इस बार मकर संक्त्रांति पौष माह के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि 15 जनवरी को रवि योग और शतभिषा नक्षत्र में मनाई जाएगी।

### 7 बजकर 50 मिनट से रवि योग

छपारिया हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित रामकिशन ने बताया कि रवि योग सूयार्ेदय के साथ सुबह 7 बजकर 50 मिनट से शुरू होकर दिनभर रहेगा। इस योग में दान करना बेहद शुभ माना गया है। इसी क्त्रम में पंडित रामकिशन बताते हैं कि इस पर्व को मनाने के पीछे कई धार्मिक मान्यताएं हैं। इनमें से एक यह है कि मकर संक्त्रांति के दिन ही गंगाजी भागीरथ के पीछे.पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जा मिली थीं। कहा जाता है कि गंगा को धरती पर लाने वाले भागीरथ ने अपने पूर्वजों के लिए इस खास दिन तर्पण किया था। उनका तर्पण स्वीकार करने के बाद इस दिन गंगा समुद्र में जाकर मिल गई थी। उन्होंने बताया कि गत 16 दिसंबर से शुरू हुआ खरमास जो मकर संक्त्रांति के दिन समाप्त हो जाएगा। इसके साथ ही एक बार फिर से मुंडन संस्कार, यज्ञोपवीत, नामकरण, गृह प्रवेश,गृह निर्माण,नए व्यापार का आरंभ, वधू प्रवेश, सगाई, विवाह शुरू हो जाएंगे।

# तीसरे दिन भी मांगों को लेकर पटवारी बैठे धरने पर

■ बढ़ाए हुए वेतनमान को एक जनवरी 2016 से काल्पनिक और 25 जनवरी 2023 से वास्तविक रूप से लागू करने की मांग



**भिवानी।** राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर बढ़ाए हुए वेतनमान को एक जनवरी 2016 से काल्पनिक और 25 जनवरी 2023 से वास्तविक रूप से लागू करवाने के लिए जिला भिवानी के पटवारी व कानूनगो लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर सुबह नौ बजे से लेकर शाम पांच बजे तक सांकेतिक धरना पर बैठे। धरने की अध्यक्षता जिला प्रधान सुनील कुमार ने की। सुनील कुमार ने कहा कि आज तीसरे दिन भी सरकार ने हमारी मांग नहीं मानी और ना ही सरकार ने हमे बातचीत के लिए बुलाया। अगर सरकार 6.7 जनवरी को भी वार्ता के लिए नहीं बुलाती तो 8.9.10 जनवरी को राज्य कार्यकारिणी के आह्वान पर सांकेतिक धरने दिया जाएगा। पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन के जिला उप प्रधान विकास राठी ने कहा कि वर्ष 2016 से लंबित पटवारी एवं कानूनगो की सर्कलबंदी का कार्य जल्द से जल्द किया जाए। हरियाणा में पटवारियों के लगभग 4000 पद हैं जबकि मात्र 1400 राजस्व पटवारी कार्यरत हैं राजस्व पटवारी द्वारा की जाने वाली स्कूल व फील्ड ट्रेनिंग की डेढ़ वर्षीय ट्रेनिंग की अवधि को सेवाकाल मे जोड़ा जाए। मंच संचालन तहसील प्रधान विक्त्रांत शर्मा पटवारी ने किया।

# शहर की सुंदरता बढ़ाने वाली ग्रीन बेल्ट बन रही कूड़े का घर

## शहर में कई जगह पेड़-पौधों की जगह ग्रीन बेल्ट में बिखरा है कचरा

विगत में शहर स्थित ग्रीन बेल्टों के सुधारीकरण परखर्च किए गए थे लाखों रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी





जिला प्रशासन शहर में हरियाली बढ़ाने के चाहे कितने भी दावें करें,लेकिन हकीकत कोसों परे है। शहर की सुंदरता बढ़ाने वाली ग्रीन बेल्टों की चारदिवारी को निकाल दी,लेकिन उनमें हरियाली बढ़ाने की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। हालात ये बने है कि उक्त ग्रीन बेल्टों में हरियाली की जगह कचरा पड़ा है। जिसके चलते उक्त ग्रीन बेल्ट में बैठने के लिए भी जगह नहीं है। ऐसे में किस तरह से शहर की सुंदरता बढ़ेगी।

### नहीं लगाए पौधे

जानकारी के अनुसार विगत में शहर स्थित ग्रीन बेल्टों के सुधारीकरण पर लाखों रुपये खर्च किए गए थे। सभी ग्रीन बेल्टों की चार दिवारी को ऊंचा किया गया। ताकि उनमें पशु आदि न घुस पाए। दिवार व लौहे की ग्रील आदि लगाने के बाद इन ग्रीन बेल्ट को जिला प्रशासन कतई भूल गया। जिसकी वजह से दिवारों का निर्माण होने के बाद आज तक जिला प्रशासन की तरफ से इन ग्रीन बेल्टों में हरियाली के नाम पर एक छोटा पौधा तक नहीं लगाया गया है। जिसकी वजह से इन ग्रीन बेल्टों का मतलब ही बदल रहा है। चूंकि इन बेल्टों में हरियाली बढाए जाने के लिए ज्यादा से ज्यादा फल व फूल दार पौधे लगाए जाने चाहिए थे। ताकि शहर की सुंदरता को बढाया जा सके। पर यहां पर अभी तक नया कोई भी पौधारोपित नहीं किया गया है। जिसकी वजह से हरियाली को ग्रहण लग रहा है।

### झुलसने लगी हरियाली

पिछले कई दिनों से हुडा पार्क के फुव्वारे पूरी तरह से शांत पड़े है। तकनीकी अड़चन से इन फुव्वारों को नहीं चलाया जा रहा है। फुव्वारे न चलने की वजह से पार्क की हरियाली धीरे.धीरे गायब हो रही है। क्योंकि फुव्वारे न चलने की वजह से पार्क में पहले रोपित किए गए पौधे व घास की सिंचाई नहीं हो पा रही। उपर से कड़ाके की ठंड पड़ रही है।

ऐसे में हरियाली ज्यादा ठंड के चलते पूरी तरह से झुलस रही है। सिंचाई से ही हरियाली को बचाया जा सकता है। फिलहाल हुडा पार्क से हरियाली गायब होने लगी है।

### जर्जर हुई पगडंडिया,झूल्लों ने दिया जवाब

बिना देखभाल के हुडा पार्क की सभी पगडंडियां पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। अनेक जगहों पर टाइलें उखड़ी है। उन जगहों पर रोड़ियां निकल आई है। शाम व सुबह के वक्त सैर करने वालों को इन गड्ढों की वजह से परेशानियां उठानी पड़ रही है। पगडंडियों पर बने गड्ढों की वजह से आए दिन सैर करने वालों का पैर चोटिल हो रहे है। दूसरी तरफ पार्क में लगाए गए झूल्ले भी बदहाल अवस्था में पहुंच चुके है। जर्जर झूल्लों पर बच्चे नहीं झुल पा रहे है। फिलहाल हुडा पार्क को भी बेहतरीन इलाज की जरूरत है।

# भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की पांच वैनों का 15 तक का शेड्यूल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत पांच वैनों द्वारा विभिन्न गांवों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी के साथ.साथ सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। 15 जनवरी तक पांच वैनों का शेड्यूल जारी किया गया है।

**वैन एक :** भारत संकल्प यात्रा अभियान की जिला नोडल अधिकारी एवं एडीसी अनुपमा अंजलि ने बताया कि वैन एक द्वारा सिवानी क्षेत्र में छह जनवरी को 10 बजे गांव मतानी तथा दो बजे गांव झुप्पा कलां में, आठ को 10 बजे गांव झुप्पा खुर्द में तथा दो बजे गांव ढ़ाणी भाखरा में, नौ को सुबह 10 बजे गांव बीधवान तथा दो बजे गांव सिवाच में, 10 जनवरी को सुबह 10 बजे गांव मंढोली खुर्द में तथा दो बजे गांव तलवानी में, 11 को सुबह 10 बजे गांव गुढ़ा तथा दो बजे गांव कालोद में और 12 जनवरी को सुबह 10 बजे गांव शेहरपुरा स्थित राजकीय स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**वैन द्वितीय:** तोशाम क्षेत्र में छह जनवरी को सुबह 10 बजे गांव चनाना तथा दो बजे गांव देवावास में,आठ को सुबह 10 बजे गांव हसान तथा कैरू क्षेत्र में दो बजे गांव देवराला में और नौ को सुबह 10 बजे गांव धारवानवास में तथा दो बजे गांव खापरवास स्थित राजकीय मिडल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**वैन. तृतीय :** द्वारा बहल क्षेत्र में छह जनवरी को 10 बजे गांव ओबरा तथा दो बजे गांव बैराण में, आठ को 10 बजे गांव नुनसर में तथा दो बजे गांव लाडावास में, नौ को 10 बजे गांव बिधनोई में तथा दो बजे गांव सेरला में, 10 जनवरी को 10 बजे गांव चहड़ कलां तथा दो बजे गांव चहड़ खुर्द में, 11 को 10 बजे गांव नांगल तथा दो बजे गांव पाजू में, 12 को 10 बजे गांव बुढ़ेडा में तथा दो बजे गांव सिरसी में और 13 जनवरी को सुबह 10 बजे गांव बहल के राजकीय स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**वैन.चौथी:** लोहारू क्षेत्र में छह जनवरी को 10 बजे गांव ढ़ाणी मनसुख व कैरू क्षेत्र के गांव बाबरवास तथा दो बजे गांव मनसरवास में, नौ को 10 बजे गांव शिमलीवास तथा दो बजे गांव जीतवानवास में, 10 जनवरी को 10 बजे गांव लेंघा भानान तथा दो बजे गांव लेघा हेतवान में, 11 को 10 बजे गांव हेतमपुरा तथा दो बजे गांव टिटानी में, 12 को 10 बजे गांव केहरपुरा तथा दो बजे गांव कुसुंबी में, 13 को 10 बजे गांव मालवास कोहाड तथा दो बजे गांव मालवास देवसर में और 15 जनवरी को सुबह 10 बजे गांव ललहाना तथा दो बजे गांव लोहानी स्थित राजकीय स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**वैन.पांच:** द्वारा कैरू क्षेत्र में छह को 10 बजे गांव बिजलानावास तथा दो बजे गांव ढ़ाब ढ़ाणी में, आठ को 10 बजे गांव जुई बिचली में तथा दो बजे गांव खेहरपुरा में, नौ को 10 बजे गोलागढ़ में तथा दो बजे भानगढ़ में और 10 जनवरी को 10 बजे गांव डांगर में तथा दो बजे गांव चंदावास में कार्यक्रम आयोजित किए जांएगे।

# अब तीन लाख वार्षिक आय वालों को भी मिलेगा आयुष्मान भव योजना का लाभ, देना होगा अंशदान

■ गरीब परिवारों पर इलाज के खर्च का बोझ होगा कम

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार द्वारा नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत-चिरायु हरियाणा योजना के विस्तारीकरण पोर्टल की शुरूआत की गई है। इस योजना के तहत अब 1.80 लाख रुपये से 3 लाख रतक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए ऐसे परिवारों को सालाना 1500 रुपये अंशदान देना होगा। जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख से अधिक है और 3 लाख से कम है ऐसे परिवार सालाना प्रीमियम चुकाकर इस योजना का लाभ उठा सकेंगे। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि इस योजना के विस्तार से प्रदेश के अनेक परिवारों को लाभ मिलेगा। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश के अंत्योदय परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू की गई चिरायु हरियाणा योजना ऐसे परिवारों के लिए वरदान साबित हो रही है। महंगी बीमारियों के इलाज के खर्च के कारण अब इन परिवारों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि चिरायु-आयुष्मान भारत योजना हरियाणा वासियों के जीवन को सुरक्षित व रोग मुक्त बनाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

# पुलिस ने शोषण का शिकार बनी महिलाओं की सुध लेने को बनाई टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

■ दो महीने में शोषण का शिकार हुई 60 महिलाओं के घर टीम पहुंची है। मुहिम शुरू करने का मकसद उत्पीड़न का शिकार बनी महिला असहाय महसूस न करे।



एसपी नितिका गहलोत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस ने नई मुहिम की शुरूआत की है। इसके तहत शोषण का शिकार बनीं महिलाओं के पास पुलिस टीम पहुंच रही है। उनका हाल-चाल जानने के साथ पुलिस टीमें ये भी जानकारी ले रही हैं कि उन पर आरोपी पक्ष दबाव तो नहीं बना रहा। पुलिस के इस प्रयास को पीड़ित महिलाएं खूब सहराना कर रही हैं। दो महीने में शोषण का शिकार हुई 60 महिलाओं के घर टीम पहुंची है। मुहिम शुरू करने का मकसद उत्पीड़न का शिकार बनी महिला असहाय महसूस न करे। वहीं अगर आरोपी पक्ष उन पर दबाव बनाता है तो उसका भी पता चल सके। पुलिस की कल्याण शाखा की टीम छेड़छाड़, दुष्कर्म और दहेज के मामले दर्ज करवा चुकी महिलाओं से संपर्क करती है। कल्याण शाखा प्रभारी इंस्पेक्टर रघुनंदन व निरीक्षक शमसेर सिंह की अगुवाई में टीम शोषण का शिकार बनीं महिलाओं के घर पहुंचकर उनसे विभिन्न पहलुओं पर बातचीत कर उनको अब कोई समस्या तो नहीं।

**पीड़िता ने बताई आपबीती:** इस मुहिम के तहत बनाई गई फैमिली काउसलिंग पुलिस टीम जिला दादरी के सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में पहुंची। जहां एक पीड़ित महिला ने अपनी आप बीती पुलिस टीम को बताई। पीड़ित महिला की कहानी सुनकर टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दौबारा से उसके मामले की जांच खोल दी।



गुप्त व यौन रोग
गुप्त रोग, नामर्दी, शीघ्रपतन, धात, स्वप्न दोष, वीर्य/कम शुक्राणु आदि से छुटकारा पाएं।
जोश व टाईम बढ़ाएं
महिलाओं में कमजोरी, सफेद पानी, प्रेगनेंसी न होना, ब्रेस्ट क्रीम लें।
गैस, कब्ज, फैटी लीवर, भूख न लगना, शुगर, मोटापा घटाएं
ताकत का कोर्स लें Rs.550/-
पिछले 25 वर्षों से सेवारत
जुनेजा क्लीनिक
9728321662
भिवानी रोजाना मिले (9am to 7pm)
पता: 1stफ्लोर, रोहतक गेट, इण्डियन पेट्रोल पम्प के सामने, निकट सब्जी मण्डी
Facebook पर हमारे पेज, जुनेजा क्लीनिक भिवानी को Like & Share करें।


**खुशखबरी** क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर

# तीन माह से बंद पड़े खानक पहाड़ में शुरू होगा खनन कार्य

विष्णु दत्त शास्त्र ▶▶| तोशाम



गांव खानक स्थित पहाड़ में पिछले करीबन 3 महीने से बंद पड़े खनन कार्य की एक बार फिर दोबारा से शुरुआत होगी। जिसको लेकर क्षेत्र के खनन से जुड़े सभी लोगों में खुशी की लहर है। हो भी क्यों न क्योंकि तोशाम क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार का एकमात्र बड़ा संसाधन खनन ही है। जिसके जरिए करीबन 50 हजार व्यक्ति अपनी रोजी.रोटी कमाते हैं।

पिछले करीबन 3 महीने से बंद खनन के कारण इन सभी के सामने रोजी.रोटी के लाले पड़े हुए थे। लेकिन एक बार दोबारा खनन की शुरुआत होने की खबर मिलते ही खनन से जुड़े सभी लोगों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। इतना ही नहीं बल्कि खानक पहाड़ में खनन कार्य शुरू होने से आमजन के लिए भी भवन निर्माण सामग्री उत्तम क्वालिटी की तथा सस्ते दामों पर उपलब्ध होगी।

उल्लेखनीय है कि गांव खानक स्थित पहाड़ में पिछले करीबन 3 महीने से खनन कार्य पूरी तरह से बंद पड़ा था। जिससे खनन से जुड़े सभी लोगों के रोजी.रोटी के लाले पड़े हुए थे। यह सभी पिछले करीबन 3 महीने से खनन कार्य दोबारा शुरू होने का इंतजार कर रहे थे लेकिन खनन कार्य शुरू नहीं हो रहा था। किसी ने सही कहा है कि मरता क्या नहीं करता आखिरकार इन्होंने पिछले करीबन तीन दिनों से खनन कार्य चालू करवाने की मांग को लेकर पंचकूला में पड़ाव डाल दिया और उपमुख्यमंत्री सहित संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर खनन कार्य दोबारा चलवाने की मांग की। जिस पर उपमुख्यमंत्री सहित संबंधित विभाग के अधिकारियों ने तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करते हुए खानक पहाड़ की ऑक्शन के आदेश दे दिए। जिससे संभावना है कि 6 जनवरी को ई.ऑक्शन होकर जल्द ही खानक पहाड़ में खनन कार्य दोबारा से प्रारंभ हो जाएगा। खनन दोबारा शुरू होने से जहां खनन से जुड़े करीबन 50 हजार लोगों का रोजी.रोटी का संकट खत्म होगा वहीं भवन निर्माण सामग्री भी आमजन को उत्तम क्वालिटी सहित सस्ते दामों पर उपलब्ध होगी। खनन दोबारा शुरू होने की खबर से क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर है। वहीं खनन कार्य दोबारा शुरू करवाने के लिए ऑटो मार्केट खानक के सदस्य सुनील शर्माए बलजीत शयोराण मोहन तायलए कृष्ण नंबरदार सुनील बुशानियाए संजय परमारए क्रेशर संगठन के सदस्य प्रदीप बागड़ी हिंदुस्तान स्टोन क्रेशर सुनील नीलकंठ स्टोन क्रेशर विकास गोयल शिव स्टोन क्रेशर अनिल मित्तल सुंडावास स्टोन क्रेशर पूर्व सरपंच अमर सिंह प्रगति स्टोन क्रेशर मजदूर यूनियन के सदस्य देवदत्तए मुकेश यशपाल आदि ने उपमुख्यमंत्री और अधिकारियों का आभार जताया।


हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 01664-252933, 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

RASAM PAGRI

With profound grief and sorrow,
we inform the sad demise of our beloved
SMT. SHANTI DEVI GUPTA
W/o Late Sh. Kapuri Lal Gupta on 27.12.2023
Rasam pagri will be held on 07.01.2024 (Sunday)
from 2:00 pm to 3:30 pm
at GEETANJALI GARDEN, Murthal Road, Sonipat (Haryana)
In Grief
J.C. Gupta (Son) — ETO (Retd.)
CA. Pawan K. Gupta (Son) — S. P. Chopra & Co., Chartered Accountants, New Delhi
CA. Prateek Gupta (Grand Son)
Ajay Gupta (Grand Son) — Ajay Investments Centre, Sonipat
Pankaj Gupta (Grand Son) — Gupta Bros., Caterers, Sonipat
Gaurav Gupta (Grand Son) — Mateshwari Drugs and
Rajnish Gupta (Grand Son) — General Store, Sonipat, Haryana
Mobile.: 98102 77251, 98960 51975, 98964 33438, 98963 51975, 90345 24101
H.No. 3317, Sector-15, Sonipat, Haryana